AVAADA
FOUNDATION

दैनिक जागरण

# डिजिटल इंडिया ही नहीं, बनाना होगा सेफ डिजिटल इंडिया

**जागरण संवाददाता, ऋषिकेश**: अवादा फाउंडेशन की ओर से भरत मंदिर इंटर कालेज और सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास ऋषिकेश में कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष साइबर सुरक्षा कार्यशाला में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई।

इस सत्र में, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां और सुरक्षित व्यवहार के तरीके सिखाए। उन्होंने भारत को डिजिटल इंडिया ही नहीं, सेफ डिजिटल इंडिया बनाने पर जोर दिया और आनलाइन सुरक्षा के बेसिक एवं एडवांस नियम के बारे में भी बताया। उन्होंने बच्चों को आनलाइन धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, और साइबर बुलिंग से बचाव के तरीके बताए। कार्यक्रम में अर्पित पाल, रुद्र गुप्ता, अनुराग बिजल्वाण, आरुष आदि विद्यार्थियों ने सवाल भी पूछे।

फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने सिम क्लोनिंग के खतरों के बारे में जानकारी दी। कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ-साथ विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीचेज, साइबर सिक्योरिटी सेशंस, एंटरप्रेन्योरशिप सेशंस और इसी तरह की तमाम वार्ता और कार्यशाला के माध्यम से प्रेरित व जागरूक करते हैं। जिससे वह जीवन में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना आसानी से कर सकें और एक सफल नागरिक बन सकें। प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने कहा कि कोरोना महामारी के पश्चात विद्यार्थियों में मोबाइल उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ी है, इस सेशन से विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग में सावधानी बरतने की महत्वपूर्ण शिक्षा मिली है।

AVAADA
FOUNDATION

Dehradun, Wednesday
13 December 2023
DEHRADUN EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

**वर्कशॉप** अवादा ने दी बच्चों को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी

## डिजिटल के साथ बनाना होगा 'सेफ इंडिया'

**ऑनलाइन सेफ्टी के बेसिक एवं एडवांस रूल्स के बारे में बताया**

**RISHIKESH (12 Dec):** अवादा फाउंडेशन की ओर से भरत मंदिर इंटर कालेज और सरस्वती विद्या मंदिर आवास विकास ऋषिकेश में कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष साइबर सुरक्षा कार्यशाला में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई. इस सत्र में, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां और सुरक्षित व्यवहार के तरीके सिखाए, उन्होंने भारत को डिजिटल इंडिया ही नहीं, सेफ डिजिटल इंडिया बनाने पर जोर दिया और ऑनलाइन सुरक्षा के बेसिक एवं एडवांस नियम के बारे में भी बताया.

### बताए बचाव के तरीके

उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, और साइबर बुलिंग से बचाव के तरीके बताए, कार्यक्रम में अर्पित पाल, रुद्र गुप्ता, अनुराग बिजल्वाण, आरुष आदि विद्यार्थियों ने सवाल भी पूछे. कार्यक्रम में अवादा फाउंडेशन की आयुशी पटवारी, बालमुकुंद मित्र, नरेंद्र खुराना, रजनी गर्ग, मीनाक्षी उनियाल, सतीश चौहान एवं प्रधानाचार्य उमाकांत पंत उपस्थित रहे.




अग्रसेन नगर में आयोजित इगास महोत्सव में नंदा देवी की दिव्य डोली के दर्शन करते श्रद्धालु.

Dehradun city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें

### वार्ता और कार्यशाला के माध्यम से प्रेरित व जागरूक

फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने सिम क्लोनिंग के खतरों के बारे में जानकारी दी. कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ-साथ विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीचेज, साइबर सिक्योरिटी सेशंस, एंटरप्रेन्योरशिप सेशंस और इसी तरह की तमाम वार्ता और कार्यशाला के माध्यम से प्रेरित व जागरूक करते हैं. जिससे वह जीवन में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना आसानी से कर सकें और एक सफल नागरिक बन सकें. प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने कहा कि कोरोना महामारी के पश्चात विद्यार्थियों में मोबाइल उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ी है, इस सेशन से विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग में सावधानी बरतने की महत्वपूर्ण शिक्षा मिली, जो वर्तमान युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है.

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

# साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

जखिनी। सावित्री देवी इंटर कॉलेज महगांव में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए अवादा फाउंडेशन ने एक विशेष साइबर सिक्योरिटी सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को साइबर या वर्चुअल वर्ल्ड के खतरों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीकों और इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग पर प्रेजेंटेशन दिया।

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

# विद्यार्थियों को दिए इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग करने के टिप्स




**जक्खिनी/वाराणसी।** अवादा फाउंडेशन ने सावित्री देवी इंटर कॉलेज महगांव में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष साइबर सिक्योरिटी सेशन का आयोजन किया। इस सत्र में साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को साइबर या वर्चुअल वर्ल्ड के खतरों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में बताया और इंटरनेट का सुरक्षित प्रयोग करने के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन गेम्स खेलते वक्त क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए, इसके बारे में भी बताया। इस दौरान विद्यार्थियों को सिम क्लोनिंग, क्रिप्टो जैकिंग, अकाउंट हैकिंग और वर्चुअल क्राइम्स के बारे में अवगत कराया, और सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया से संबंधित बच्चों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम के पश्चात फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने बताया कि कोरोना के पश्चात विद्यार्थियों में मोबाइल एवं सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से अध्यापक एवं अभिभावक काफी चिंतित थे। कार्यक्रम के पश्चात स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि अवादा फाउंडेशन बच्चों की पढ़ाई के लिए काफी कार्य कर रहा है, जिससे उन्हें सफल बनने में काफी मदद मिली है। कार्यक्रम के दौरान सावित्री देवी इंटरमीडिएट कालेज के प्रिंसिपल मुकेश कुमार सिंह, प्रबंधक मिठाईलाल और अध्यापक सुनील कुमार, छोटेलाल और प्रीति इत्यादि उपस्थित रहे।